आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 04.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में कौशल विकास और युवाओं के रोजगार को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा की।
- देहरादून जिला प्रशासन ने पिटकुल की रोड कटिंग अनुमति निरस्त करते हुए कार्य को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित किया।
- उत्तरकाशी जिले में भारत–चीन सीमा के निकट स्थित नेलांग और जादुंग गांवों को बाइब्रेंट विलेज योजना के तहत फिर से आबाद करने के तेजी से प्रयास जारी।
- पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अल्मोड़ा में दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता का आयोजन।

---

**मुख्यमंत्री समीक्षा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में कौशल विकास और युवाओं के रोजगार को लेकर उच्च स्तरीय बैठक की समीक्षा की। बैठक में युवाओं को मांग आधारित प्रशिक्षण, सुनिश्चित रोजगार और बेहतर वेतन पर जोर दिया गया। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं को अपेक्षित प्लेसमेंट न मिलने पर समन्वय और प्रबंधन में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां नाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री और कारपेंटर जैसे क्षेत्रों में कुशल श्रमिकों की कमी है, वहीं आईटीआई से प्रशिक्षित कई युवा आज भी रोजगार की तलाश में हैं। उन्होंने इस असंतुलन को दूर करने के लिए तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय जरूरतों के अनुसार तीन स्तर की वर्कफोर्स–बेसिक स्किल वर्कर, प्रशिक्षित तकनीकी कर्मी और उच्च तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने के भी निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान ही रोजगार सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में उद्योगों की वर्तमान व भविष्य की जरूरतों के अनुसार रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम, योग्य प्रशिक्षक और आईटीआई संस्थानों को आधुनिक सुविधाओं से अपग्रेड करने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ स्मार्ट मानव संसाधन तैयार करना राज्य की प्राथमिकता है। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उद्योगों को प्रशिक्षण प्रक्रिया में भागीदार बनाने का सुझाव दिया।

---

**पिटकुल कार्य प्रतिबंध**

देहरादून जिला प्रशासन ने रोड कटिंग कार्य में अनुमति की शर्तों के उल्लंघन पर कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड– पिटकुल की रोड कटिंग अनुमति निरस्त करते हुए कार्य को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। पिटकुल की अनुमति पर प्रतिबंध लगाते हुए इंजीनियर और ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला प्रशासन ने पिटकुल को निर्देश दिए हैं कि सभी प्रभावित स्थलों पर तत्काल भरान कर सड़क को पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए। निर्देशों की अवहेलना की स्थिति में संबंधित अधिशासी अभियंता, ठेकेदार और अन्य जिम्मेदारों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शहर की सड़कों, यातायात व्यवस्था और नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा, नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

गौरतलब है कि एलआईसी बिल्डिंग के पास विद्युत केबल भूमिगत कार्य के कारण सड़क पर आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं, जिसका संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

---

**बजट/मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्रीय बजट भारत की संपूर्ण जनता की आकांक्षाओं, आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का बजट है। आज हल्द्वानी में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय बजट को लेकर प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि यह बजट विकसित भारत– 2047 की मजबूत व टिकाउ आधारशीला भी रखता है। उन्होंने कहा कि यह बजट मध्यम वर्ग, करदाताओं और समाज के अंतिम छोर पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए राहत का बजट है।

---

**नेलांग–जादुंग**

उत्तरकाशी जिले में भारत–चीन सीमा के निकट स्थित नेलांग और जादुंग गांवों को वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत फिर से आबाद करने के तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। ये सीमांत गांव 1962 के भारत–चीन युद्ध के बाद से वीरान हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बताया कि जादुंग में 14 होम स्टे बनाए जा रहे हैं। इनमें से आठ पारंपरिक शैली में लगभग पूरे हो चुके हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इन गांवों से पर्यटकों को जोड़ने की कोशिशों के तहत प्रशासन उन्हें वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर भी विकसित करने की योजना बना रहा है।

---

## इंस्पायर अवार्ड

पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, अल्मोड़ा में आज दो दिवसीय जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड मानक प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता के पहले दिन जिले के 11 विकासखंडों के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने अपने विज्ञान मॉडलों के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। जिला समन्वयक विनोद कुमार राठौर ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए अल्मोड़ा जिले के 135 छात्रों का चयन किया गया है। इनमें से चयनित दस प्रतिशत छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

छात्रा मीनाक्षी मैनाली ने बाढ़ और भूकंप रोधी मॉडल के बारे में जानकारी दी।

इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को व्यावहारिकता, सामाजिक उपयोगिता, पर्यावरण अनुकूलता, नवीनता और तात्कालिक नवाचारों को मूर्त रूप प्रदान करना है।

---

## औली विंटर गेम्स

विश्व विख्यात हिम क्रीड़ा स्थल औली में 12 से 26 फरवरी तक औली विंटर कार्निवल व नेशनल विंटर गेम्स का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान अल्पाइन स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग एवं नॉर्डिक स्कीइंग की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था, पर्यटन और युवाओं में खेलों के प्रति रुचि को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। स्की माउन्टनेरिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष अजय भट्ट के अनुसार विंटर गेम्स को लेकर सभी संबंधित राज्यों, संघों और प्रतिभागियों को सूचित किया जा चुका है।

---